हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर प्रेस क्लब चुनाव

### 563 सदस्य करेंगे मतदान आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब में 6 पदों के लिए शुक्रवार को चुनाव होगा, इसमें 563 सदस्य मतदान करेंगे। इस बार 6 पदों के लिए पंद्रह प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आशीर्वाद व विकास पैनल से छह-छह एवं तीन निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। चुनाव अधिकारी महेश तिवारी ने बताया कि बिलासपुर प्रेस क्लब के चुनाव मतदान से पहले ईदगाह चौक स्थित प्रेस ट्रस्ट भवन में आमसभा आयोजित की जाएगी। इस दौरान पदों के लिए किसी एक नाम पर सर्वसम्मति बनने पर मतदान नहीं कराया जाएगा। सर्वसम्मति नहीं बनने की दशा में मतदान कराया जाएगा। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला प्रेस क्लब के 563 सदस्य करेंगे।श्री तिवारी ने बताया कि मतदान का समय शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समयसीमा में भवन के भीतर प्रवेश कर लेने वालों को शाम पांच बजे के बाद भी मतदान की छूट दी जाएगी।

### दूध की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि

**बिलासपुर।** दूध की कीमतों में 21 सितंबर से प्रति लीटर 3 रुपए की बढ़ोतरी की जा रही है। जिला दुग्ध उत्पादक संघ बिलासपुर की आज हुई बैठक में संघ के अध्यक्ष मुकेश मिश्रा ने बताया कि पशुओं के द्वारा खाए जाने वाले दाना एवं कटिया की बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए संघ ने दूध की कीमतों में प्रति लीटर 3 रुपए की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। नई कीमत 21 सितंबर से लागू होगी। 18 सितंबरको संघ की हुई बैठक में दूध का मूल्य बढ़ाने संबंधी चर्चा हुई। इसमें दूध विक्रेताओं ने बताया कि पशुओं के द्वारा खाए जाने वाले दाना एवं कटिया की बेतहाशा वृद्धि के चलते डेयरी चलाना दूभर हो गया है। इस वजह से कई डेयरी बंद हो चुकी है। डेयरी व्यवसाय को बचाने के लिए लगभग दो वर्षों के बाद दूध का मूल्य बढ़ाना अति आवश्यक हो गया था।

### स्मृति वाटिका की हालत खराब, रुपयों की जमकर हुई बंदरबांट

# 60 लाख फूंके, पोल गायब, झरने में पानी नहीं

मनीष वर्मा ⏭ बिलासपुर

स्मृति वाटिका को संवारने और बेजाकब्जा को रोकने के लिए 60 लाख रुपए फूंके गए, लेकिन काम करने और काम पूरा होने के पहले ही तारकांटा के पोल चोरी हो गए, झरना बना, पर इसमें लाइट नहीं लगी, पानी की व्यवस्था भी नहीं हो सकी। इसी तरह पौधों को पानी देने के लिए 9 ट्यूबवेल का खनन हुआ, परन्तु सिर्फ एक ही चल रहा है।

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में है। सकरी से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर 36 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्मृति वाटिका विकसित की गई है। इसके लिए लोगों से मेंटनेंस के नाम पर 500 से 1000 रुपए भी लिए जाते थे। शुरुआत में कई वीआईपी और वीवीआईपी के नाम के बोर्ड और पौधे वाटिका में लगाए गए थे। स्मृति वाटिका बनने के बाद यहां भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। इसे संवारने के लिए बिलासपुर वन मंडल ने 60 लाख रुपए की स्वीकृति कराई थी। पिछले 6 माह से वाटिका में झरना, चारों ओर से बाउंड्रीवाल, दीवारों के रंग रौगन सहित अन्य कार्य किया जा रहा था। दो दिन पहले यह काम समाप्त तो हो गया, लेकिन इस दौरान लाखों रुपए खर्च कर किए गए, परंतु निर्माण कार्य ध्वस्त हो गए हैं।


स्मृति वाटिका में बनाए गए स्वीमिंग पूल में भरा गंदा पानी।

### झरना बना लेकिन पानी व लाइट नहीं

वाटिका को सुंदर बनाने के लिए सबसे अंतिम में एक झरना बनाया गया है। यह झरना पिछले कई सालों से जर्जर पड़ा हुआ था। स्वीकृत किए गए कार्यो में झरना का जीर्णोद्धार करने के साथ उसमें पानी का फौव्वारा लगाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। झरना तो बनकर तैयार हो गया, लेकिन उसमें न तो पानी है और न ही लाइट की सुविधा है, जिसके कारण नव निर्माण झरना बिना पानी के सूखा पड़ा हुआ है।





### 9 ट्यूबवेल में बचा है एक

वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी सहित जिला प्रशासन और वन विभाग ने कानन पेण्डारी जू के पहले स्मृति वाटिका को बनाकर फलदार और छायादार पौधे लगाए गए थे। पौधों को पानी देने के अलावा सैलानियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए 9 बोर भी लगे थे। वर्तमान स्थिति के अनुसार यहां लगे 9 बोर में 8 बोर पूरी तरह से खराब हो चुके हैं और एक बोर से पानी सप्लाई का काम किया जा रहा है।

### निजी कालोनी के लिए दिया गया रास्ता

वन विभाग की जमीन पर लगातार बेजा कब्जा हो रहा है ,विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। स्मृति वाटिका की जो जगह पहले निर्धारित की गई थी वह जगह धीरे-धीरे सिमटकर कम होती जा रही है। जानकारी के अनुसार विभाग की जमीन स्मृति वाटिका के पीछे यानि गोविंदम तालाब तक दी गई थी। इसमें सागौन के हरे-भरे वृक्ष भी लगे हुए हैं। इस जगह को एक निजी कालोनी के नाम पर बेजा कब्जा करते हुए सड़क बना ली गई है।

### कोई नहीं देता ध्यान

स्मृति वाटिका को संवारने के लिए राशि शासन से स्वीकृत कराई गई थी। यहां कुछ काम भी किए गए हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति क्या है यह जानकारी नहीं है। काम करने के लिए कोई भी डीएफओ और अन्य अधिकारी व स्टाफ ध्यान नहीं देते हैं, जिसके कारण इस तरह की स्थिति होती है।

-प्रभात मिश्रा
सीसीएफ, वन वृत्त बिलासपुर

### पंप हाउस को बना दिया आफिस

स्मृति वाटिका में सबसे खराब स्थिति प्रभारी और अन्य कर्मचारियों की है। यहां वर्षों से प्रभारी व स्टाफ के बैठने के लिए जगह निर्धारित नहीं हो सकी है, जो जगह इनके बैठने के लिए बनी है वह पुराना पंप हाउस है। इसे कर्मचारियों और प्रभारी के बैठने के लिए आफिस का नाम दे दिया गया है। पंप हाउस के सामने ऊपर में शेड लगे हुए हैं, जहां बारिश के दौरान पानी टपकता है और गर्मी के मौसम में शेड गरम होने के कारण बैठना मुश्किल हो जाता है। कमरे की हालत इस तरह से खराब हो चुकी है कि चारों ओर से दीवारे जर्जर होने के कारण कभी भी गिर सकती है। दुर्घटना से बचने के लिए कर्मचारी और प्रभारी शेड के नीचे टेबल लगाकर बैठना ज्यादा पसंद करते हैं।

### चोरी हो गए पोल

स्मृति वाटिका की हालत खराब करने का कारण पीछे बसे ग्रामीण थे, जो फेंसिंग को तोड़कर अंदर प्रवेश करते थे। बाउंड्रीवाल नहीं होने की वजह से मवेशियों का भी प्रवेश होता था। 60 लाख रुपए के कार्यों में पहले तीन फीट की दीवार के साथ क्वायल वाले बारवेट वायर एवं गर्डर बनाने का काम किया जाना था, लेकिन इसकी जगह फेंसिंग व पोल लगाया गया। इस कार्य को करने के दौरान हजारों रुपए के फेंसिंग और पोल भी चोरी हो गए, जिसके कारण दोबारा सामान की खरीदी करनी पड़ी।

एक दिन पहले गतौरा के पास हुआ था हादसा


सड़क पर पड़े हादसे के शिकार मवेशी।

# ट्रेलर ने सड़क पर बैठे 14 मवेशियों को कुचला, 10 की मौत

**बिलासपुर।** सड़कों पर भारी वाहनों की टक्कर से मवेशियों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है, एक दिन पहले गतौरा के पास ट्रक ने सड़क पर बैठे 8 मवेशियों को कुचल दिया था, बुधवार की रात जयरामनगर माग पर बैठे 14 मवेशियों को ट्रेलर ने कुचल दिया, इसमें 10 मवेशियों की मौत हो गई।

- सड़कों पर लगातार हो रही मवेशियों की मौत

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, बुधवार की रात 9.45 बजे मस्तूरी जयरामनगर मार्ग भदौरा चौक के आगे नेशनल हाइवे पेट्रोल पंप के पास 14 मवेशी कतार से सड़क पर बैठे हुए थे। इसी दौरान पाराघाट की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 एके, 9525 के ड्राइवर ने मवेशियों को कुचल दिया। मवेशियों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो कतार से मवेशी खून से लथपथ पड़े हुए थे। इसमें से 10 मवेशियों की मौत हो गई थी और 4 घायल हो गए थे। सूचना पर बजरंग दल, गौ रक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंच गए। मवेशियों को कुचलने वाला ट्रेलर का ड्राइवर नशे में था। बजरंग दल के सदस्य ड्राइवर को पकड़कर थाने ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया। बजरंग दल के सदस्यों ने आरोप लगाया है एक ही कंपनी की गाड़ियों द्वारा दूसरी बार मवेशियों को कुचला गया है। पुलिस ने बजरंग दल गौरक्षा दल के प्रमुख किरारी निवासी मंजीश सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4, 6, 281, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### रतनपुर मार्ग में 8 मवेशियों की मौत

एक दिन पहले रतनपुर मार्ग गतौरी ओवरब्रिज के नीचे कतार से 8 मवेशी सड़क पर बैठे हुए थे। अज्ञात भारी वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मवेशियों को कुचल दिया गया था। हादसे में सभी मवेशियों की मौत हो गई थी।



## खबर संक्षेप

### एसीपी एसोसिएशन ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



बिलासपुर एसीपी एसोसिएशन ने विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन किया। पंडित ने पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। एसोसिएशन द्वारा यह प्रथम वर्ष भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना का कार्यक्रम विधिवत तरीके कराई गई। जहां हवन के पश्चात सभी के साथ भगवान विश्वकर्मा का प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष प्रवीण सोनी, उपाध्यक्ष विनोद जोशी, सचिव लाखन पटेल, कोषाध्यक्ष संतोष पटेल, सहसचिव डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद, अनंत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### लायंस क्लब गोल्ड की मासिक बैठक में सदस्यता विस्तार पर चर्चा



**बिलासपुर।** लायंस क्लब गोल्ड की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें पीएमजेएफ चंद्रा बंसल ने क्लब के विस्तार से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सदस्य विस्तार कैसे किया जाय, साथ ही सदस्यों को कैसे क्लब से जोड़ा जाए एवं क्लब में रोचकता बनी रहे इस पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव चुन्नी मौर्य, कोषाध्यक्ष बिन्नी गंभीर, रीता बरसैया, नीरज अग्रवाल, जगदीश सलूजा, संगीता, बरसैया, रिम्पी होरा, हरजीत कौर आदि मौजूद थीं।

### मंत्री गुरू खुशवंत साहेब से उमादत्त ने की सौंजन्य भेंट



**बिलासपुर।** मंत्रालय महानंदी भवन अटल नगर रायपुर में गुरू खुशवंत साहेब को कौशल विकास तकनीकि शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति विकास मंत्री से सौंजन्य भेंटकर उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सतनामी समाज प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रमुख राजमहंत व सतनामी समाज के नेता पं. उमादत्त घिलहरे ने गुरू खुशवंत साहेब को मंत्री बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई दी। श्री घिलहरे ने बताया कि गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाए जाने पर सतनामी समाज में खुशी की लहर है।

### सेवा पखवाड़ा पर प्रकोष्ठ ने की मंगला में तालाब व मंदिरों की सफाई




**बिलासपुर।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अवसर पर प्रकोष्ठ द्वारा मंगला में तालाब व मंदिरों की साफ सफाई की गई। इस दौरान प्रकोष्ठ के सदस्यों ने स्वाच्छता अभियान के तहत जगह जगह सफाई की। लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपने घर- गली मोहल्ले के आसपास आवश्यक साफ सफाई करने का आवाहन किया। रोड की स्वच्छता मिशन के तहत साफ सफाई की गई। जिसमें प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कृष्ण कुमार दाऊ शुक्ला वार्ड नंबर 13 के पार्षद रमेश पटेल, वार्ड नंबर 14 के पार्षद हेमंत मरकाम, जितेंद्र बारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

### महर्षि विद्या मंदिर में बच्चों की आंखों और दांतों की जांच



**बिलासपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ ट्रांस अरपा द्वारा महर्षि विद्या मंदिर प्रायमरी शाला में नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कृष्णा नेत्रालय की डॉ. अंतरा चंद्राकर एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों की आंखों तथा भंडारी डेंटल केयर की डॉ. तृप्ति भंडारी एवं उनकी टीम ने दांतों की जांच की। लगभग 250 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों को आंखों व दांतों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष नीता माहेश्वरी, ज्योति गुप्ता, सुष्मित कौर, डॉ अंतरा चंद्राकर, डॉ तृप्ति व ऋचा जायसवाल ने इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्राचार्य गायत्री अवस्थी ने आभार व्यक्त किया।

### नगर निगम ने मोबाइल कंपनियों के अवैध केबल काटे गए

**बिलासपुर।** नगर निगम ने शहर में अवैध केबल तारों के खिलाफ लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई हुई। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर लिंक रोड और गुरुवार को तारबहार रोड पर कई कंपनियों के अवैध केबल काटे गए और जब्त किए गए। इससे पहले बुधवार को लिंक रोड पर जियो, एयरटेल, आइडिया, बीएसएनएल और स्थानीय डिश ऑपरेटरों के अवैध केबल हटाए गए थे। निगम की ओर से कहा गया कि प्रशासन ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**वार्षिक निरीक्षण** — पुलिस मैदान में किया निरीक्षण, चेतना अभियान के तहत पुस्तक का किया विमोचन

# आईजी ने जवानों की सुनी समस्याएं और किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार को को बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने जिला पुलिस बिलासपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान सबसे पहले पुलिस ग्राउंड में वार्षिक निरीक्षण परेड आयोजित किया गया।

एसएसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में बिलासपुर पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना चौकी प्रभारी के साथ सभी थाना चौकी यातायात और पुलिस लाइन के 231 अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। परेड के दौरान आईजी डॉ शुक्ला को रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र गुप्ता और जिला पुलिस के अधिकारी कर्मचारी की 8 टुकड़ी और बैण्ड ने सलामी दी। उत्तम दर्जे के टर्न आउट वाले अधिकारी कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया। परेड के पश्चात






पुलिस सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें डॉ शुक्ला ने सभी अधिकारी कर्मचारी की समस्या सुनी और उनका त्वरित निराकरण किया। आईजी श्री शुक्ला ने एसएसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में गत एक वर्ष में बहुत अच्छे कार्य किए जाने पर उन्हें बधाई दी। आगामी वर्ष में पुलिस थाने में जनता से और बेहतर व्यवहार करने, अनुशासन बनाए रखने, नवीन कानून के अनुरूप नवीन टेक्नोलॉजी का विवेचना में प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। डॉ. संजीव शुक्ला ने चेतना अभियान के तहत यातायात शिक्षा के लिए पुस्तक का विमोचन किया गया। तत्पश्चात आईजीपी ने जिला में निर्माणाधीन भवन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन कार्यालय का निरीक्षण किया। पुलिस जवानों के लिए डबल स्टोरी नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा और डीएसपी मुख्यालय रश्मित कौर चावला के कार्य की सराहना की।

भारत चौक तक की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाना है

# साल भर से बंद पड़े मरीमाई रोड का काम शुरू, इलेक्ट्रिक पोल की शिफ्टिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरीमाई रोड से लेकर भारत चौक तक की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाना है। इसके लिए नगर निगम ने 122 मकान और दुकानों के अतिक्रमण हटाए हैं, इसके बाद भी लेकिन साल भर से काम रुका पड़ा है। सड़क पर बिजली पोल शिफ्टिंग और टारिंग का काम नहीं होने के कारण सड़क बनाने में परेशानी आ रही थी। इसका काम गुरुवार को शुरू किया गया। क्षेत्र में बिजली कनेक्शन काटते हुए पोल शिफ्टिंग की गई। ज्ञात हो कि सड़क बनाने के लिए पौने दो करोड़ रुपए पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं।

मरीमाई रोड से भारत चौक तक 25 फीट की सड़क को 40 फीट चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए सड़क के दोनों ओर रहने वाले 122 लोगों को नोटिस जारी किया गया था, जिनमें से अधिकांश का कब्जा निगम ने हटा दिया है। ज्ञात हो कि तालापारा-मरीमाई रोड को 60 फीट चौड़ा करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन इसमें दोनों तरफ के मकान और दुकान का आधे से ज्यादा हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा था। वार्ड के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, जिसके बाद अब चौड़ाई केवल 40 फीट रखने का निर्णय लिया गया है। सड़क के दोनों ओर पांच-पांच फीट बढ़ाया जाएगा।



गुरुवार को बिजली कनेक्शन काटकर पोल शिफ्टिंग की गई।

#### रिन्युअल कोड के साथ स्ट्रीट लाइटें भी लगेंगी

स्मार्ट सिटी प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, मरीमाई रोड के चौड़ीकरण के साथ ही सड़क के दोनों ओर फुटपाथ और निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। पूरी सड़क का रिन्युअल कोड होगा। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। पूरी सड़क के निर्माण में पौने दो करोड़ रुपए खर्च होने हैं। ज्ञात हो कि राजस्व रिकॉर्ड में 40 फीट की सड़क, मौके पर 20 फीट सड़क नजर आती है। लगभग 20 फीट सड़क कब्जे के भेंट चढ़ चुकी थी, जिसमें से अधिकांश को हटाया गया है।

#### ट्रैफिक के लिहाज से जरूरी है सड़क

दरअसल, शहर की तीसरी स्मार्ट सड़क विकसित करने के लिए मरीमाई रोड का चयन किया गया है। इससे क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। साथ ही, लिंक रोड में ट्रैफिक जाम की समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। ध्यान रहे कि शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। इससे रोजाना मुख्य चौक-चौराहों पर जाम लगता है। खासकर लिंक रोड पर सुबह से रात तक ट्रैफिक जाम रहता है। लिंक रोड पर जाम और रेंगने वाले ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए मरीमाई बाइपास रोड का चौड़ीकरण स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल किया गया है। इसके लिए 176 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रोड के चौड़ीकरण से व्यापार विहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक से मगरपारा चौक पहुंचना आसान होगा।

# सिम्स को मिला मल्टी यूटिलिटी वाहन



वाहन की चाबी सौंपते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और नगर विधायक अमर अग्रवाल।

**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में शहर विधायक अमर अग्रवाल द्वारा विधायक निधि से 12 लाख 57 हजार की लागत से छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) को मल्टी यूटिलिटी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन की चाबी विधायक श्री अग्रवाल ने सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को सौंपी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. ए. आर. बेन, डॉ. अमित ठाकुर, डॉ मधुमिता मूर्ति डॉ सुपर्णा गांगुली, डॉ संगीता रमन जोगी, डॉ. समीर पैकरा सहित सिम्स के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। मल्टी यूटिलिटी वाहन की उपयोगिता अस्पताल में महत्वपूर्ण है। यह वाहन स्वास्थ्य सेवाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसके माध्यम से आपातकालीन सेवा के तहत मरीजों को अस्पताल से अन्य चिकित्सा केंद्रों या जांच सुविधाओं तक तुरंत पहुंचाने की सुविधा होगी। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को पहुंचाने में सहयोग करेगा।

- स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ेगी क्षमता

#### रोगियों को परिवहन सुविधा मिलेगी

गंभीर मरीजों, वृद्धजनों और महिला रोगियों को सुरक्षित रूप से अस्पताल के विभिन्न विभागों तक ले जाने में सहायक होगा। इसके अलावा दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य मेडिकल किट को तेजी और सुरक्षा के साथ पहुंचाया जा सकेगा। आपदा प्रबंधन जैसे कि दुर्घटना, बाढ़, महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्य और मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण में सहायक होगा। विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, मातृ-शिशु सेवाएं तथा टीबी, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के नियंत्रण कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने में उपयोगी होगा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह मल्टी यूटिलिटी वाहन अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, तेज़ और प्रभावी बनाएगा। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी और सिम्स की सेवा क्षमता और मजबूत होगी।

## रतनपुर में पायलट का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का प्रदेश व्यापी सभा और यात्राओं का दौर जारी है।

रायगढ़ और कोरबा से तखतपुर, मुंगेली, बेमेतरा की सभा के लिए जाते वक्त रतनपुर में भी रुके। जहां स्थानीय कांग्रेस कमेटी के नेताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उनका आतिशी स्वागत किया। सचिन पायलट के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी श्री पायलट ने केंद्र की मौजूदा सरकार पर वोट चोरी कर सरकार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि किस तरह से लोकतंत्र की हत्या कर आम लोगों के वोटों की चोरी की जा रही है जिस पर राहुल गांधी लगातार सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ रहे। इस पर हम सब को एकजुट होकर इस आंदोलन में शामिल होना है। इस लोकतंत्र संविधान विरोधी सरकार को जड़ से उठा कर फेकना है। इस दौरान सचिन पायलट को हस्ताक्षर अभियान के तहत 5000 फॉर्म जनता के हस्ताक्षर सहित सौंप गए। सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार के अराजक तथा जन विरोधी नीतियों के साथ संघर्ष करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन को घर-घर तक पहुंचना है।



प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का विधायक अटल ने किया स्वागत।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस कार्यक्रम में रतनपुर ब्लाक के शीतल जायसवाल, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित अरुण त्रिवेदी सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा, पुष्पकांत कश्यप,सुनील अग्रवाल, अभिषेक मिश्र, रियाज अहमद खोखर, अंकित जायसवाल,सैफ,अविनाश, योगेश,राजा रवि रावत, शिवानंद,संजय, रॉकी, जितेन्द्र चंदेल, नीलिमा, पूर्णिमा, आशा, सुशीला, कुलवंत सिंह, कान्हा गुप्ता, यासीन आदि मौजूद थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सरकण्डा थाने के एएसआई प्रदीप यादव ने बताया, सीपत क्षेत्र के खैरा पंधी निवासी नरसिंह धूरी पिता मनोहर धूरी 30 साल एक फैक्ट्री में आपरेटर थे। बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के दौरान फैक्ट्री में पार्टी मनाने के बाद वे एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से सरकण्डा आए और बार में शराब पी। उसके बाद रात 8 बजे बाइक से घर जाने निकले। बार से 100 मीटर की दूरी पर दोनों बाइक सहित गिर गए। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक लापरवाही पूर्वक नरसिंह धूरी को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस घटनास्थल के पास सीसीटीवी फुटेज खंगालकर कार के पहचान कार्रवाई की में लगी हुई है। इस दौरान घटनास्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही। घटना से लोगों में काफी आक्रोशित नजर आए।

## न्यूयॉर्क में पंखिड़ा 2025 ने रचा इतिहास

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने एक नई ऊँचाई छू ली है। लोकप्रिय गरबा महोत्सव पंखिड़ा 2025 को पहली बार भारत के इतिहास में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर प्रदर्शित किया गया।

यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि राज्य की परंपरा, लोककला और सांस्कृतिक पहचान को विश्व मंच पर प्रस्तुत किया गया। पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ में आयोजित पंखिड़ा गरबा महोत्सव ने युवाओं, फिल्म जगत और सोशल मीडिया सितारों को आकर्षित किया है। पहले के संस्करणों में शहनाज गिल, एल्विश यादव, आदा शर्मा, द्वैंदु शर्मा उर्फ मुन्ना भाईया सहित कई प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हुईं। इस बार महोत्सव का आयोजन प्रजाराजयम ग्रुप, बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसने पंखिड़ा को क्षेत्रीय पहचान से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है। 12 सितंबर को पंखिड़ा 2025 का प्रचार न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर प्रदर्शित किया गया। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराएँ इस वैश्विक मंच पर दिखीं। इससे भारतीय संस्कृति को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। प्रजाराजयम ग्रुप ने बताया कि पंखिड़ा 2025 इस दिशा में एक बड़ा कदम है। 23 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में लोकप्रिय महिला सेलिब्रिटी मौजूद रहेंगे। इसी तरह 24 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में हरियाणी गायक मासूम शर्मा का लाइव परफार्मस होगा।



डीपीएस में हुआ छत्तीसगढ़ सीबीएसई प्रिंसिपल मीट

# सीबीएसई के निर्धारित मानदंडों की दी गई जानकारी



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सीबीएसई के नव गठित रायपुर रीजन हेड जगदीश वर्मन के सानिध्य में छत्तीसगढ़ सीबीएसई प्रिंसिपल मीट हुआ। इसमें रायपुर रीजन सीबीएसई के प्रमुख श्री बर्मन ने सीबीएसई के निर्धारित मानदंडों की जानकारी दी और इससे संबंधित अनेक समस्याओं का समाधान व मार्गदर्शन प्रस्तुत किया।

ज्ञात हो कि दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में भुवनेश्वर से अलग होकर सीबीएसई के नए रायपुर रीजन का गठन हुआ है। इसके प्रमुख जगदीश बर्मन के सानिध्य में छत्तीसगढ़ और आसपास के कुल 102 प्राचार्यों की उपस्थिति में सीबीएसई से जुड़े हुए अनेक विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम शुभारंभ बाद संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यक्रम में डीपीएस दुर्ग से डायरेक्टर, प्राचार्य पुनीता नेहरू, आईपीएस दीपका, प्राचार्य संजय गुप्ता सहित 102 प्राचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डेनिस वेस्ले एवं आभार प्रदर्शन ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बिलासपुर की प्राचार्या डॉ श्रुति गुप्ता ने किया।



**LCIT GROUP OF INSTITUTIONS**
Affiliated to AICTE, CSVTU, DTE, PCI & BCI.
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Web: www.lcit.edu.in

Invites Application for the following Post

| Institutions | Post |
|---|---|
| LCIT Engineering College | Professor, Associate Professor, Assistant Professor & Lab Technician in Civil Engineering, Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electrical Engineering, Electronic & Telecommunication Engineering & Management Studies, Physics, Chemistry, Maths, English, Administrative Staff, Student Section Incharge, IT Manager, HR & Student Counsellor. |
| LCIT School of Pharmacy | Principal, Professor, Associate Professor & Assistant Professor in Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology, Pharmacognosy, Pharmacy Practice, Lab Technician & Office Superintendent. |
| LCIT College of Pharmacy | Professor, Associate Professor & Assistant Professor in Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology, Pharmacognosy, Lab Technician, Lab Assistant, Accountant, Office Superintendent, Office Assistant and Storekeeper, Librarian & Assistant Librarian. |

Qualification, Experience & Salary as per the concerned Affiliating Body Norms: Applications to be submitted on or before 06.10.2025 in soft copy at hroffice@lcit.edu.in. Contact: 8959163111

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


## मंदिरों में भी रहेगी धूम

शहर के दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, मरीमाई मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, प्रज्ञापीठ सरकंडा, रेल्वे सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में नवरात्रि श्रद्धा-भक्ति से मनाई जाएगी। हर दिन श्रद्धालु भक्तों का आना-जाना रहेगा। दर्शन, पूजन का क्रम निरंतर चलते रहेगा।




कार्यक्रम

## भारत माता स्कूल की वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना को मिला प्रथम स्थान



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रीन एजुकेशन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और आत्मनिर्भर भारत विषय पर सातवीं अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय हैबिटेट केंद्र नई दिल्ली में किया गया है। इसमें भारत माता स्कूल रेल्वे के बच्चों ने वेस्ट मैनेजमेंट पर तैयार की गई परियोजना कचरा लक्ष्मी को ज्यूरी के सामने प्रस्तुत किया। जहां उनकी इस परियोजना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी भारत की राजधानी नई दिल्ली में की जा रही है। भारत के 27 देशों से आए हुए प्रतिनिधि इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी सहभागिता दे रहे हैं। फादर सलीन पी के नेतृत्व में शाला के विज्ञान शिक्षक पानू हालदार और पूनम सिंह के सहयोग से अभिजीत भारद्वाज, यशवंत विश्वकर्मा, आदर्श एक्का, कृष्णा रजक ने इस परियोजना का निर्माण किया। सूखी पत्तियों और मध्यान्ह भोजन से बचे हुए खाद्य पदार्थों से अपने नई खोज लीफ ग्राइंडर मशीन का उपयोग कर कम से कम समय में खाद का निर्माण कर क्रांति ला दी है। वहीं इनकी टीम ने घर में ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में डालने, प्लास्टिक कचरे का उचित निष्पादन, अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने आदि विषय को बदलाव कैंपेन से नुक्कड़ नाटक द्वारा बहुत ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया। उनके इस प्रयास के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। उल्लेखनीय है कि भारत का प्रतिनिधित्व भारत माता आंग्ल माध्यम शाला बिलासपुर की टीम कर रही हैं।

आयोजन

## गुजराती समाज एवं जीजीयू में 175 लोगों ने किया रक्तदान



**बिलासपुर।** पूरे देश भर में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन श्री अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के द्वारा किया गया। इसी कड़ी में में दो स्थानों पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन हुवा। उक्त रक्तदान शिविर तेरापंथ जैन समाज बिलासपुर, गुजराती समाज बिलासपुर, गुरु घसीदास यूनिवर्सिटी बिलासपुर एवं संयोजक भारतीय जैन संघठना के साथ मिलकर 175 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर कोनी स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में 105 एवं टिकरापारा गुजराती समाज के प्रांगण में 70 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजराती समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया, पार्षद दिनेश देवांगन रहे। रक्तदान देने वालों में बड़ी संख्या में पहेली बार रक्त देने वाले रहे। मेगा रक्तदान को चंद्रप्रकाश बोथरा, सुरेंद्र मालू, केतन सुतारिया, बेकूल पटेल, अमरेश जैन, संजय पटेल, हरीश जेठवा, गोपाल वेलाणी, मनीष शाह, रितेश तेजाणी समाज के सदस्यो ने अहम भूमिका निभाई। मेगा रक्तदान शिविर के संचालन में रक्तदान शिविर सेवा देने वालो में सकल जैन समाज के सदस्यगण जो गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में पराग जैन, अनीता जैन, सुनील कुमार जैन, महावीर जैन, नेहा जैन, भावना जैन, अंशुल जैन, संगीता बरड़िया, ललिका मालू, भावना बोथरा रहें।

कार्यक्रम

## वर्ल्ड फेस्ट में शहर के तबला वादक ने प्रथम स्थान जीता




**बिलासपुर।** अखिल लोक कला कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा मलेशिया में आयोजित रिदम और एक्सप्रेशन वर्ल्ड फेस्ट में शहर के युवा कलाकार वेंकट साईं राज शेखर ने अद्भुत तबला वादन की प्रस्तुति दे कर सभी को मंत्रमुग्ध किया एवं ओपन कैटिगरी में तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया । पिता चमार्थी वेंकट सन्यासी राव ने बताया कि तबला बादन की कला स्कूल समय से ही थी,इस रूचि को ध्यान रख हमने और प्रोत्साहित किया और अब वर्ल्ड स्तर पर पहचान बना रहा है।

स्पोर्ट्स

## बास्केटबॉल की आज से होगी शुरूवात



**बिलासपुर।** प्रदेश बास्केटबॉल संघ,बास्केटबॉल संघ जिला महासमुंद एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार से 21 सितंबर तक महासमुंद में सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर बास्केटबॉल संघ की 14 वर्षीय बालक एवं बालिका टीम हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ स्कूल बॉस्केटबॉल कोर्ट में बिलासपुर टीम की घोषणा की गई। इस अवसर में जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अमित मंडल, डॉ गोपाल कृष्ण पाठक, जिला बास्केटबॉल संघ के उपाध्यक्ष प्रवीण बिसेन, धीरेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं दी। अंतरराष्ट्रीय कोच प्रीतम दास, प्रदीप वर्मा, एसईसीआर हॉकी टीम के खिलाड़ी गुरलेश गुलफाम ने शुभकामनाएं दी।

# देवी मंदिरों में नवरात्रि पर अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

## चल रही व्यापक स्तर पर तैयारियां, हर दिन होंगे धार्मिक आयोजन





सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सहित शहर के अन्य देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र उत्सव की व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कलश प्रज्जवलन स्थल व मंदिरों की साफ-सफाई कर रंग-रोगन किया जा रहा है। श्रद्धालु भक्तों के दर्शन पूजन के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

**बिलासपुर।।** पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष 10 दिनों की नवरात्रि मनाई जाएगी।

घट स्थापना के साथ नवरात्रि की शुरुआत होगी और 2 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे विजयादशमी पर इसका समापन होगा। नवरात्रि के दौरान माता रानी पृथ्वी लोक पर हर साल अलग-अलग सवारी में आती हैं। धार्मिक ग्रंथों में मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना अत्यंत शुभ माना गया है। हिंदू धर्म में हाथी को ऐश्वर्य, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन प्रातः सर्वप्रथम देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक कर श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार शैलपुत्री देवी के रूप में किया जाएगा। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पूजन एवं श्रृंगार किया जाएगा। मनोकामना घृत ज्योति 108 कलश अभिजीत मुहुर्त 11:30 से 12:30 मध्यान्ह में प्रज्ज्वलित किया जाएगा।

### प्रतिदिन होगी सोहगली पूजा

हरदेव लाल मंदिर में अभिजीत मुहुर्त में घट स्थापना की जाएगी। इस साल भी ढाई सौ अधिक कलश का प्रज्जवलन मंदिर के पुजारी पं. कृष्णा मिश्रा के सानिध्य में होगा। हरदेव लाल भगवती मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन देवी पूजा के साथ ही सोहगली पूजा भी होगी। मुंडन संस्कार कराए जाएंगे। सेवा गीत के साथ ही भजन कीर्तन गाए जाते हैं।

### सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी में अघोरपीठ आश्रम प्रांगण में 65वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को भक्तिमय श्रद्धामय वातावरण में मनाया जाएगा। सुबह 6 बजे प्रांगण की साफ सफाई एवं श्रमदान कर नगरांचल की जीवनदायिनी अरपा से कलशों में जल भर कर सर्वेश्वरी सामूहिक जयघोष के साथ सामूहिक संकीर्तन करते हुए कलश परिक्रमा आश्रम प्रांगण आएगी। तत्पश्वात समूह के सदस्यों द्वारा कार, बाईक से प्रभात फेरी शहर के मुख्य मार्गो से निकलकर आश्रम पहुंचेगी।

### होगा सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी अनुष्ठान

शारदीय नवरात्रि पर श्री सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी अनुष्ठान मेडिटेशन हॉल श्री साईं कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में किया जाएगा। 51 कुण्डीय श्री सिद्ध कुंजिका महालक्ष्मी हवन 12 अक्टूबर रविवार को 3 बजे प्रारंभ होकर शाम 6 बजे पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा। सेवा साधक पुनीत ढंढारिया ने बताया कि यह पूर्णतः निःशुल्क है। यह साधना घर, मंदिर, दुकान, कारखाना कोई भी जगह होने पर मां की कृपा होती है। महालक्ष्मी साधना एक शक्तिशाली साधना है जो धन, समृद्धि, सुख-शांति प्रदान करती है। इस साधना को श्रद्धा और विश्वास के साथ करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन के साधना क्रम में माँ का आवाहन, गुरु स्तुति, श्री दुर्गा शप्तशती बीज मंत्र का 1 अध्याय, श्री महालक्ष्मी का ध्यान जप के बाद श्री महालक्ष्मी आरती व प्रसाद वितरण होगा। माता लक्ष्मी घर में माँ या सास, बहू और बेटी तीन रूपों में रहती है। यदि तीनों प्रसन्न रहती हैं तो माँ की कृपा घर पर बनी रहती है । जिस घर में बुजुर्गों का अपमान होता है वहां लक्ष्मी रूठ जाती है। धन और समृद्धि की प्राप्ति, कर्ज से मुक्ति, यश और मान-सम्मान में वृद्धि, परिवार में सुख-शांति और खुशहाली, विभिन्न प्रकार के सुखों की प्राप्ति श्री दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र महालक्ष्मी अनुष्ठान से सिद्ध होती है।

### पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र में विशेष पूजा

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर से हो रही है इस वर्ष 10 दिनों की नवरात्रि मनाई जाएगी। इस दिन घटस्थापना के साथ नवरात्रि की शुरुआत होगी और 2 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे विजयादशमी पर इसका समापन होगा।



नवरात्रि के दौरान माता रानी पृथ्वी लोक पर आती हैं, ऐसे में मातारानी हर साल अलग-अलग सवारी में आती हैं। दरअसल, माता के आगमन एवं प्रस्थान की सवारी वार अनुसार तय की जाती है। धार्मिक ग्रंथों में मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना अत्यंत शुभ माना गया है,हिंदू धर्म में हाथी को ऐश्वर्य, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जब मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं, तो मौसम अनुकूल रहता है, अन्न-धान्य की वृद्धि होती है और कृषि क्षेत्र में प्रगति देखने को मिलती है,चारों ओर सुख-समृद्धि का वातावरण बना रहता है,भक्तों के लिए यह सुख और संपन्नता का संकेत माना जाता है।

# शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का आगमन जगह-जगह किया गया स्वागत






**बिलासपुर।** सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में असम से प्रारंभ हुई शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का छत्तीसगढ़ भी पहुंची, यह यात्रा कवर्धा और बेमेतरा होते हुए बिलासपुर पहुंची।

बिलासपुर से आरंभ होकर पाली और कटघोरा मार्ग से होते हुए रात को कोरबा में ठहरेगी। दयालबंद गुरुद्वारा विश्राम बिलासपुर करी, सदर बाजार करोना चौक में पास इस ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। दयालबंद गुरुद्वारा के विश्राम करके 18 सितंबर को नगर भ्रमण करते हुए पाली कटघोरा का के लिए निकली। इस शताब्दी वर्ष के अंतर्गत नवंबर माह में बड़े पैमाने पर विशेष आयोजन प्रस्तावित हैं। इनमें जिला व प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों से 9वीं से 12वीं तक के लगभग 20 हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। गुरबानी कीर्तन भव्य स्वागत किया गया समागम आयोजित होगा। इसमें विशेष रूप से एक जैसे परिधान में बच्चे गुरबानी कीर्तन प्रस्तुत करते रहे, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। गुरुद्वारा प्रबंधक महिला अध्यक्ष मीना सलूजा एवं समाजसेवी चंचल सलूजा के नेतृत्व ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सदर बाजार करोना चौक में निर्मलजीत छाबड़ा, इंद्रजीत सलूजा, किरण अरोड़ा, रिंकी सलूजा सुदेश सलूजा लवली लूथरा लवली लवली, राजा उपवेजा बलवीर सिंह सलूजा सुरजीत सलूजा प्रीतम सिंह सलूजा बंटी लोगनि चीकू दुआसमितियों के अध्यक्षों सहित विभिन्न सिख संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए आयोजन समिति भेजेगी सहायता राशि

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया 25 से

कार्नर न्यूज



**बिलासपुर।** हर साल की तरह इस बार भी नवरात्रि पर्व पर भाटिया फ्यूल्स के द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 25 से 27 सितंबर तक रास डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बालीवुड की फिल्म अभिनेत्री नेहा धूपिया शहरवासियों के साथ रास डांडिया में शामिल होंगी।

तीन दिनों तक सेलीब्रिटी बालीवुड कलाकार रास डांडिया में शिरकत करेंगे। पिछले नौ वर्षों से आयोजित कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो गई है। रास डांडिया आयोजन समिति ने इस बार पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़े होने का निर्णय लिया है और रास डांडिया के आयोजन से प्राप्त होने वाली बड़ी राशि पीड़ितों के सहायतार्थ भेजने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के द्वारा नवरात्रि पर्व पर रास डांडिया आयोजन के लिये पास जारी कर दिये गये हैं जो शहर के विभिन्न काउंटर में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पहली बार फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा रास डांडिया के आयोजन में जारी पास की राशि में से प्रति पास 100 रूपये तथा कार्यक्रम में दर्शकों से सहयोग राशि एकत्र कर जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार के माध्यम से पंजाब शासन को सहायता राशि भेजी जायेगी। अभी हाल में ही बाढ़ से पंजाब में कई परिवार बेघर हो गये, कई लोगों के घर उजड़ गये और इस विपदा में पंजाब के साथ फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम खड़ी है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में पारिवारिक माहौल में 25 सितंबर से 27 सितंबर तक रास डांडिया की तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई। सदस्यों को तीन दिनों तक चलने वाले आयोजन में अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आकर्षक विद्युत सजावट, नई टेक्नालॉजी के साउंड सिस्टम से देश के बालीवुड कलाकार गीत संगीत की प्रस्तुति देंगे। यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं, बच्चों, महिलाओं, पुरूषों के लिये फूड स्टॉल भी लगाये जायेंगे। वाहनों की सुरक्षा तथा पार्किंग की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की गई है। महेश दुबे, समीर अहमद, अनिल जी, प्रमोद सिंह, चंदन गांगुली एवं आयोजन समिति के सदस्य बैठक में शामिल थे।

### विपदा में हम पंजाब के साथ



फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने कहा है कि पंजाब में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए बिलासपुरवासियों की तरफ से हमने सहयोग करने का निर्णय लिया है। पंजाब में बाढ़ से जो विपदा आई उससे कई परिवार बेघर हो गए, पंजाब के पीड़ित परिवारों के साथ हमारा बिलासपुर शहर खड़ा है हम हर कदम में पंजाबवासियों के साथ हैं और नवरात्रि पर्व पर हमने पंजाब के पीड़ितों के लिए बड़ी सहयोग राशि भेजने का संकल्प लिया है।

## अग्रवाल समाज के क्रिकेट में श्रीवल्ली टीम के हीरो बने दीपक



**बिलासपुर।** रविवार को मिनी स्टेडियम में श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की तत्वाधान में अग्रवाल नवयुवक समिति द्वारा साइड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 24 टीमों के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह मैच फ्लड लाइट में रात को खेला गया,जिसमें श्रीवल्ली टीम ने यंग फायरिंग गंस को कड़े मुकाबले में हराकर किताब पर कब्जा जमाया।

सभी मैच तीन-तीन ओवर की खेले गए, फाइनल मुकाबले में श्रीवल्ली टीम व यंग फायरिंग गंस के मध्य खेला गया,जिसमें पहले श्रीवल्ली टीम के कप्तान यशवंत सराफ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अपने निर्धारित तीन ओवर के बैटिंग में यंग फायरिंग के सामने 35 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया जिसमें राहुल सराफ व दीपक अग्रवाल ने 13 व 10 रन का योगदान दिया, दूसरी इनिंग में बैटिंग करने आए यंग फायरिंग गंस की टीम श्रीवल्ली के धारदार गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाई और अपने तीन ओवर की बैटिंग में सिर्फ 19 रन ही बना पाई। दीपक की धारदार गेंदबाजी के कारण उनको एक बार ओर मैन ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया जो कि उनका लगातार पांच माचो में पांचवा मैन ऑफ द मैच रहा,उन्होंने अपने एक ओवर के स्पेल में निर्णायक दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर यंग फायरिंग गंस के बल्लेबाजों को बैक फुट पर धकेल दिया। दीपक के इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का भी किताब से नवाजा गया। वह इस टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन स्कोरर भी रहे व हाईएस्ट विकेट टेकर भी रहे। फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे दीपक अग्रवाल व उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का किताब भी दिया गया, बेस्ट बैट्समैन के रूप में राहुल सराफ, बेस्ट बॉलर मोहित जाजोदिया, बेस्ट फील्डर के रूप में राजीव गर्ग को चुना गया, और श्रीवल्ली टीम को बेस्ट डिसीप्लिनरी टीम का खिताब से नवाजा गया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया लोरमी में स्वागत द्वार एवं कबीर भवन का निरीक्षण



**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने नगर पालिका क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोरमी नगर प्रवेश मार्ग पर बने स्वागत द्वार का अवलोकन किया तथा गुणवत्तापूर्ण भव्य स्वागत द्वार बनाने के साथ ही उसकी सौंदर्यीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोरमी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 में भव्य प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है। कलेक्टर ने नगर स्थित कबीर भवन का अवलोकन किया और उसकी गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों का विकास और संरक्षण नगर की पहचान तथा नागरिकों की सुविधा से जुड़ा हुआ है।

### गोंडवाना समाज के गुरु महराज भगत का किया गया स्वागत



**रतनपुर।** गोंडवाना समाज के द्वारा रतनपुर कोटा मोड़ पर शनिचरी बाजार के पास कवर्धा जाते समय गुरु महराज दूरगे भगत का फूल-माला पहना कर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान गुरु महाराज ने कहा कि, वर्तमान में जनगणना होने वाली है, जिसमें 2011 की गणना के तहत सरकार ने छह कॉलम के साथ एक सातवां भी रखा था। भारत सरकार के तहत 6 धर्म को मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि, एक सातवां कलाम भी था, जिसके तहत हम अपने-धर्म का उल्लेख करते थे। लेकिन वर्तमान में वह सातवां कलम हटा दिया गया है। उन्होंने कहां कि हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि, हम अपना धर्म क्या लिखें। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि, उनका सातवां कालम दिया जाए, जिससे वह अपने धर्म का उल्लेख कर सकें। ऐसा नही करने पर उन्होंने देश स्तर पर आंदोलन की बात कही। इस दौरान वहां प्रीतम चेड़िया, मंहरण पोर्ते, कुबेर सिंह, हरनारायण सारटिया, सचिव कुंवर सिंह मरावी, बालू पोर्ते अजय सिरसो, श्रीराम पोर्ते, बिंदु मरकाम, भवार सिंह चेड़यिा, रजनी पिंटू मरकाम, यसवंत मरकाम, दुर्गे भगत सिदार, आरके कुंजाम आदि उपस्थित रहे।

### राज्य आपदा प्रबंधन की वर्चुअल बैठक, दिए गए निर्देश




**मुंगेली।** संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 23 सितम्बर को टेबल टॉप एक्सरसाइज एवं 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाइज आयोजित करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि भारी बाढ़, गांवों के जलमग्न होने एवं आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए स्थान चिन्हांकन एवं कार्य विभाजन किया गया है। इस दौरान राहत शिविरों के चिन्हांकन, आवश्यक ढांचे की उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाओं एवं सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला कलेक्टोरेट स्वान कक्ष में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

### कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्र प्रारंभ




**लोरमी।** क्षेत्र के चयनित 28 अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने हेतु 17 सितंबर बुधवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवार आदि सेवा केन्द्रों का उद्घाटन किया। इन सेवा केन्द्रों में शिकायत व समाधान हेतु पृथक-पृथक पंजी रखे जाएंगे, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र हो सकेगा। साथ ही वन ग्राम महामाई में समस्या-शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। नगर में बुधवार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदिसेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान को तहत 28 गांव के विभिन्न समुदायों को शासन की सभी योजनाओं से पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान में मुख्य रूप से आदिवासी विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सहयोग दे रहे हैं।

## स्कूली बच्चों को गोद में उठाकर पहुंचाते हैं स्कूल, गली बनी तालाब

# खैरवार के ग्रामीण मूलभूत सुविधा से कोसों दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

मुंगेली जिले में एक ऐसा भी गांव है जहां के ग्रामीणों को जीना दूर्भर हो गया है। ग्राम पंचायत धनगांव के आश्रित गांव खैरवार के ग्रामीण वर्षो से कीचड़, पानी की समस्या, गांव की सड़क में पानी भरने की समस्या से जूझ रहे हैं। यह जिले में पहली ग्राम पंचायत है जहां के आश्रित गांव खैरवार विकास के नाम से पिछड़ा हुआ है। आज भी वहां के ग्रामीण गुमनाम जिंदगी जी रहे हैं। वहां कोई जनप्रतिनिधि ध्यान देते हैं न कोई अधिकारी। गलियों में घुटने भर हमेशा पानी भरा रहता है। वहां से पार करना महिलाओं एवं बच्चों के लिए जान जोखिम से भरा है।



गांव की गली में भरा बारिश का पानी, इनसेट में सड़क पर कीचड़।

### टापू में है प्राथमिक शाला

एक तरफ शासन बच्चों के पढ़ाई एवं स्वास्थ्य के लिए अनेक जतन कर रहे है शासन सफाई पखवाड़ा चला रहे है पर खैरवार गांव जिले में देखने लायक है वहां के स्कूली बच्चे चप्पल जूता उतारकर कीचड़ में चलकर स्कूल जाते है या अभिभावक गोद में उठाकर स्कूल पहुंचाते है, क्योंकि स्कूल जाने के रास्ते में दलदल है और घांस कांटो से भरा है सांप बिच्छू का भय बना रहता है। किसी तरह टीचर्स दलदल पार कर रोज स्कूल जाते हैं और बच्चों को भी जाना पड़ता है। वहीं आगे स्कूल आंगन बाड़ी भवन है जो चालू होने से पहले खंडहर में तब्दील हो गया है। रास्ता दलदल और भवन नहीं होने के कारण व्यवस्था में कही कही आंगन बाड़ी लगाई जाती है।



### बदबू से ग्रामीण परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि गलियों में हमेशा पानी भरे रहने से हमेशा बदबू आती रहती है। शाम ढलते ही मच्छरों का झुंड लोगों के घरों में प्रवेश करता है। लोगों ने बताया कि गांव के बच्चों में हमेशा में मलेरिया बुखार की शिकायत रहती है। मच्छरों का प्रकोप हमेशा बना रहता है।

### पानी सप्लाई में लीकेज ग्रामीण भयभीत

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पानी टंकी लीकेज होने के कारण संक्रमित पानी पीने से गांव में डायरिया फैल गया था जिसमें पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। किसी तरह ग्रामीणों का इलाज कराया गया था और पानी पाइप को सुधारने निर्देश दिया गया था पर ग्रामीणों का कहना है कि आज भी अनेक जगहों से पानी लीकेज है चूंकि गांव के गलियों में हमेशा कीचड़ रहता है जिनके कारण लीकेज पाइप में गंदा पानी चला जाता है ।जिसे पीने के लिए ग्रामीण भयभीत रहते हैं।

### दी गई है जानकारी

खैरवार गांव की समस्या के बारे में नेताओं से लेकर अधिकारियों तक जानकारी दी जा चुकी है। बरसात के बाद स्कूल प्रांगण में मुरूम डलवाने के साथ गांव में नाली निर्माण कराने की बात कही गई है।

-रामखेलावन नेताम
सरपंच धनगांव

### जांच के देंगे निर्देश

गांव के सरपंच सचिव को तत्काल निर्देशित किया जाएगा कि वहां की स्थिति की तुरंत जांच कर समस्या का समाधान करें और जानकारी प्रस्तुत करें।

-प्रभाकर पांडेय
सीईओ जिला पंचायत मुंगेली

### किया जाएगा समाधान

गांव में इतनी समस्या है इसकी जानकारी अब तक किसी ग्रामीण ने नहीं दी है। एक बार पानी पीने की समस्या होने की बात सामने आई थी। जल जीवन मिशन में जितने भी ठेकेदार लापरवाही कर रहे हैं उनको ब्लैक लिस्ट में डाला जा रहा है। रही बात गांव में कीचड़ रहने की तो इस विषय पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का समाधान किया जाएगा

-श्रीकान्त पांडेय
अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली

## क्या कहते हैं लोग

### किसी ने नहीं दिया ध्यान



गांव के पंच पवन लहरे ने बताया कि धनगांव पंचायत के आश्रित गांव खैरवार है। हमेशा से कोई भी सरपंच रहे किसी ने कभी कुछ ध्यान नहीं दिया। आश्रित गांव होने का जिल्लत गांव वाले भोग रहे हैं। गांव में हमेशा कीचड़ रहना एक परंपरा सा बन गया है आज तक कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दिया न कोई अधिकारी शिकायत पत्र केवल कचरे के टोकरी में चला जाता है जिनके कारण गांव वाले अपना नसीब समझकर कर सहन कर रहे हैं।

### घर के अंदर भरता है पानी



ग्रामीण महिला चित्ररेखा पाटले ने बताया कि गांव में हमेशा पानी भरे रहने से घर में घुस जाता है। पानी गिरने से घर के अन्दर पानी भरा रहता है जिनके कारण रहना मुश्किल हो गया है इतना ही नहीं बड़े बड़े सांप घर में घुस जाते हैं क्योंकि आसपास कीचड़ और गंदगी फैला हुआ है। घर से बाहर निकलते वक्त अनेक महिलाएं कीचड़ में गिर कर घायल हो रही हैं इस समस्या का समाधान कोई करे ऐसा कोई आस नजर नहीं आती है।

### गलियों में कीचड़ आम बात



ग्रामीण आशीष लहरें ने बताया कि गांव के गलियों में कीचड़ रहना आम बात हो गया है। स्कूल भवन तक पहुंचना मुश्किल है बच्चे स्कूल जाने से कतराते हैं क्योंकि रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। गांव की मेन सड़क तक जाने के रास्ते में चारों तरफ दलदल कीचड़ से पार करना पड़ता है। वहीं टंकी के पानी सप्लाई में लीकेज था। आज तक सुधार नहीं हुआ इसकी शिकायत जिला कार्यालय में किया जा चुकी है पर किसी को देखने की फुरसत नहीं है नतीजन आज भी ग्रामीण गुमनाम जिंदगी जीने में मजबूर हैं।

## मजदूर संघ ने मनाया श्रमिक दिवस

**मुंगेली।** भारतीय मजदूर संघ के द्वारा आज विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा विश्वकर्मा जयंती को सम्पूर्ण देश में बड़े ही धूमधाम के साथ उत्सव के रूप में मनाता है। इसी तारतम्य में जिला मुंगेली में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्युत विभाग कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के द्वारा विश्वकर्मा पूजन और गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रोजेक्ट विंग के कार्यपालन यंत्री उम्मेद सोनवानी, सहायक यंत्री शहदाब, चित्रांगना राही, कनिष्ठ यंत्री ऋषि तिवारी, अरुण साहू, जागृता केरकेट्टा दिव्या यादव, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री रवि कांत ठाकुर के द्वारा किया गया। मजदूर संघ से पुलक सरकार, अजय शर्मा, नरेंद्र सिंहा, दिनेश सिंगसार नीलेश सिंह, राजेशपुरी गोस्वामी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा व भारत माता के छाया चित्र का पूजन अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिला मंत्री के द्वारा विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है इस पर प्रकाश डाला गया व भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्युत विभाग से जीएल देवांगान, कमल देवांगन, त्रिवेंद्र कश्यप, मनीष सोनकर, जयपाल राजपूत, शिव यादव, आरिफ खान, लव साहू, कान्हा सोनकर, महिला कार्यकर्ताओं में कांति देवी, स्मिता मसीह, ललिता अनंत, सविता जायसवाल आदि उनके कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।



## बेलपान में चला सफाई अभियान

**तखतपुर।** स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन ऐतिहासिक ग्राम बेलपान में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभियान में हाथ बटाया। उन्होंने मंदिर परिसर में ग्रामीणों और स्वच्छता तथा बिहान दीदियों की बैठक लेकर वर्ष 2047 में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने की कार्ययोजना समझाई। परिसर में एक पेड़ मां के नाम धार्मिक महत्व के आमला, बेल के पौधे भी लगाए गए। नर्मदा कुंड और परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद पंचायत तखतपुर के अध्यक्ष डॉक्टर माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम अरुण खलखो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल में वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान की जोरदार शुरुआत हुई । उस समय मुख्य रूप से शौचालय निर्माण पर जोर था । इसकी सफलता को लेकर कई लोगों ने शंका जाहिर की थी। बावजूद यह योजना सफल हुई। अब के समय में ज्यादा जोर संपूर्ण पर्यावरण की स्वच्छता पर है। लोगों में स्वच्छता के प्रति शुरुआती दौर में हिचकिचाहट थी लेकिन इसे लोग स्वेच्छा से अपना रहे हैं। बैठक को जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकर, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी संबोधित किया।



## सभी लोगों तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवा

**दगोरी।** सरकार के सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ समाज के अंतिम छोर के लोगो तक पहुंचे तथा उनको फायदा मिले यही सरकार का लक्ष्य है। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचना हम सभी का कर्तव्य है। उक्त बातें ग्राम पंचायत भवन दगोरी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति बिल्हा राजकुमार साहू ने कही। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। अध्यक्षता ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज ने की। इस अवसर पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी डा एस गुप्ता ने होने वाले रक्तदान शिविर तथा मेगा हेल्थ कैंप की जानकारी दी। नॉन मेडिकल असिस्टेंट अविनाश शर्मा ने बताया कि सभी कार्यक्रम के आयोजन का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम में बात रखी। आभार समाज सेवी दशरथ सन्नाट ने किया। इस अवसर पर गंगा निर्मलकर, पंच उर्मिला निषाद, अल्मा केरकेट्टा उमा मनहर, रोहित कौशिक, हरीश सन्नाट, सुरेश तिवारी, प्रभा उपाध्याय, अलखनदा सूर्यवंशी, रामप्यारी निषाद, शितला देवी सन्नाट, संतोषी कौशिक, रूपा निषाद, तिरिथ राम गायकवाड, रोहित निषाद, भोजराज यादव, धन्ना जयसवाल, शारदा उपाध्याय, सविता निर्मलकर, घनश्याम उपाध्याय, मनीषा वर्मा, दिव्या वर्मा, छाया चंद्रा, अर्चना सन्नाट मोंगरा कौशिक, अनिता साहू, समूह की कार्यकर्ता व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## गर्ल्स कालेज में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**तखतपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर, नशा मुक्ति जागरूकता एवं स्त्री रोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम बीएमओ डॉ. उमेश कुमार साहू, डॉ. राजकिरण शर्मा, डॉ. अर्चिता मिश्रा तथा माजिद अली रहे। प्राचार्य डॉ. रहलकर ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. उमेश कुमार साहू ने स्वास्थ्य पखवाड़े की जानकारी देते हुए सिकल सेल जांच, मानसिक रोगों एवं डिप्रेशन जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. राजकिरण शर्मा ने छात्राओं को स्त्री रोगों की जानकारी दी तथा माहवारी से संबंधित समस्याओं के समाधान पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्राओं एवं प्राध्यापकों के महत्वपूर्ण प्रश्नों का निदान भी किया गया। एचआईवी, एड्स संयोजक माजिद अली ने ए च आ ई वी संक्रमण, उसके लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सिकल सेल एनीमिया की जांच में भाग लिया तथा उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनुश्री पांडेय ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक संगठन ने सीएम व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पेण्ड्रा।** सर्व शिक्षक संगठन जीपीएम के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षकों के हित में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है।

सर्व शिक्षक संगठन ने ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि, सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को निर्णय दिया है कि, 5 वर्ष से अधिक सेवा काल वाले सरकारी स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। इसके बाद प्राथमिक और माध्यमिक शाला में अध्यापन कराने वाले शिक्षक टीईटी पास करने को लेकर मानसिक तनाव की स्थिति में आ गए हैं, क्योंकि इस



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठन के सदस्य।

आदेश से शिक्षकों को नौकरी और पदोन्नति खतरे में दिखने लगी है। इन शिक्षकों को मानसिक तनाव से उबारने के लिए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ संजय शर्मा, महासचिव आकाश राय, कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह, महासचिव सत्य नारायण जायसवाल, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश कोरी, अनुसूचित क्षेत्र अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पीयूष गुप्ता, ट्राईबल एजुकेशन संघ प्रदेशाध्यक्ष प्रीतम कोशले, संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष तबरेज खान, ब्लाक अध्यक्ष योगेश नायक, कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रैदास, सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला महासचिव अजय चौधरी, ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनवानी, शिक्षक कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष मनोज तिवारी, बलराम तिवारी, प्रशांत शर्मा, महेंद्र मिश्रा, परसराम चौधरी, आशीष शर्मा, रणजीत सिंह राठौर, जय कुमार त्रिपाठी, राकेश तिवारी, संजय गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह, सुजीत रात्रे, सत्येंद्र तिवारी, शंकर राठौर, सुपेद सिंह मराबी, विशाल सिंह ठाकुर, गुलाब बंजारे, कैलाश रोहिणी, अजय कश्यप, मनीष कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा

# योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाने बनाएं कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व, विद्युत, महिला एवं बाल विकास आदि के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और महत्वपूर्ण प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान पंजीयन के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए लक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों खसरा सत्यापन, ई-कोर्ट, अविवादित नामांतरण, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रगति लाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ''सेवा संकल्प पखवाड़ा'' के सम्बन्ध में चर्चा की और आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को सशक्त कर नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना तथा ग्राम स्तर पर शासकीय सेवाओं की प्रदायगी को सशक्त करने के साथ ही ट्रायबल विलेज विजन 2030 का निर्माण करना है। उन्होंने आदि सेवा पर्व अंतर्गत चिन्हांकित 35 गांवों में आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के प्रगति की जानकारी ली तथा राशनकार्ड, आय, जाति, निवास के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और संतृप्तिकरण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के तीनों विकासखण्डों के 35 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के जनजातीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में गैप के लिए डाटा शीट बनाएं। शिविर में आमजनों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने चिन्हांकित 35 गांवों में योजना की शत प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, अर्थदंड भी

**मुंगेली।** अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी ने दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं 25 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय की ओर से एक माह में यह लगातार तीसरी कारावास की सजा सुनाई गई है।

खुड़िया चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद सिर पर पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने मृतका की लाश को पहाड़ में छिपा दिया एवं उसके कपड़े, जूते एवं बैग को छुपा कर साक्ष्य का विलोपन किया। मामले में आरोपी कलीराम मरकाम उम्र 42 वर्ष पिता मिलापराम निवासी टिकरी बेलपान पर धारा 302, 376 एवं 201 का दोष सिद्ध पाया गया।दोष सिद्ध पाए




जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश मुंगेली पीठासीन अधिकारी राकेश सोम ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। मृतक के परिवारजनों को क्षतिपूर्ति की राशि विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली को तय करने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से की। न्यायालय ने एक माह में यह लगातार तीसरी कारावास की सजा अभियुक्तों को दी है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**करगीरोड कोटा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ कोटा की बैठक शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे को बेलगहना कन्या शाला में आयोजित की गई है। बैठक में संघ से सबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी पेंशन धारी कल्याण संघ कोटा के सचिव बीपी तिवारी ने दी।

### पटेल को दी गई मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी

**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर में पदस्थ मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी विकास जायसवाल को जिला पंचायत बिलासपुर में संलग्न किया गया है। वहीं, तखतपुर के मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी की जवाबदारी आरईएस के सब इंजीनियर टिकेंद्र पटेल को दी गई है।

### स्थानांतरित हुए नगर पालिका के कर्मचारी

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकाय के कर्मचारियों का स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया है। नगर पालिका तखतपुर के इंजीनियर प्रतीक पाण्डेय का मुंगेली, लेखापाल संजीत कुमार आस्थाना का पथरिया, राजस्व निरीक्षक अशोक यादव का कोटा एवं दौलत मिश्रा का डोंगरगढ़ स्थानांतरण किया गया है।

## निधन

### नीलमणी दुबे



**बिलासपुर।** दीनदयाल मंगला निवासी नीलमणी दुबे का 16 सितंबर को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम हल्दी निपानी बालोद में किया गया। वे मयंक व तरुण दुबे के पिता थे।

### सुभाष चंद्र वर्मा



**बिलासपुर।** रामचंद्र लाल बाड़ा गोंड़पारा निवासी सुभाष चंद्र वर्मा का 18 सितंबर गुरुवार को स्वर्गवास हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 19 सितंबर शुक्रवार सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुयश और प्रवीर के पिता थे।

### कमला यादव



**मस्तूरी ।** स्थानीय निवासी स्व. महेश यादव की पत्नी श्रीमती कमला यादव का 18 सितम्बर की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दुर्गा , छोटे, फागु एवं नगेश यादव की मां थी।

### शकुंतला गुरूद्वान



**सीपत।** चंगोरी निवासी पंडित उमाशंकर गुरूद्वान की धर्मपत्नी शकुंतला गुरूद्वान उरतुमहीन गौटिन का 78 वर्ष की आयु में 18 सितंबर को निधन हो गया। वे राजेश गुरुद्वान, धनेश गुरुद्वान, रमेश गुरुद्वान, नरेश गुरुद्वान, ब्रतेश गुरुद्वान एवं पुत्री उषा पांडेय की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चंगोरी किया गया।

### अशफाक अहमद कुरैशी



**बिलासपुर।** गोड़पारा निवासी अधिवक्ता हाजी अशफाक अहमद कुरैशी का इंतेकाल गुरुवार को हो गया। उनकी मैय्यत कल जुमा नमाज के बाद 2.30 बजे गोड़पारा से खामोशगंज के लिए निकलेगी। वे दारा (कलीम), सादिक के वालिद थे।

### आदिवासी समाज का कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

# आदिवासी समाज के योद्धाओं ने दी स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान करते आदिवासी समाज के लोग।

**खास बात**

- विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्रदान की राशि

डोंगरिगढ़ में आदिवासी समाज के द्वारा बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं डिप्टी सीएम अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अरुण साव ने कहा कि महाराजा शंकरशाह मंडावी पुत्र रघुनाथ शाह मंडावी ने बलिदान 1857 स्वतन्त्रा संग्राम में हिस्सा लिया।

श्री साव ने उनके 168वें बलिदान दिवस पर उनकी वीर गाथा के बारे में बताते हुए कहा कि, हम गढ़मंडला के प्रतापी गोंड राजा शंकरशाह और उनके वीर पुत्र रघुनाथशाह के अद्वितीय बलिदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सन 1857 की क्रांति के समय, जब देशवासी अंग्रेजी शासन के खिलाफ उठ खड़े हुए थे, तब आदिवासी समाज के इन महान योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाई। राजा शंकरशाह और रघुनाथशाह को तोप से बांधकर अंग्रेजों ने उनकी निर्मम हत्या कर दी, लेकिन उनका अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति प्रेम अमर हो गया। उनका यह बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि हमारी चेतना, हमारी अस्मिता और हमारी प्रेरणा है। इस दौरान डिप्टी सीएम साव ने आदिवासी समाज की मांग पर ग्राम डोंगरिगढ़ में तेन थाना परिसर के आहाता निर्माण के लिए 10 लाख एवं प्राचिन शिव मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच के 5 लाख देने की घोषणा की। श्री साव ने ग्राम के वनवासी कल्याण आश्रम में विद्यार्थियों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी पढ़ाई के लिए सामग्री देने आश्वासन दिया। श्री साव का ग्राम अखरार में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों की मांग उन्होंने पर गांव में मानस मंच के 5 लाख एवं सीसी रोड के लिए 10 लाख देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत सभापति रत्ना काठले, समुंद सिंदराम, अनिता साहू, विनय साहू, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, विनय साहू, रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह ठाकुर, सुशील यादव, रवि शर्मा, मदन चन्द्राकर, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, महेंद्र खत्री, प्रदीप मिश्रा, लेखराज ठाकुर, दिनेश साहू, दिनेश कश्यप, सुशील यादव, महाजन जायसवाल, राजेन्द्र साहू, विकास केशरवानी, सोहन डड़सेना, घंशु राजपूत, नरेंद्र खत्री, तामेश्वर साहू, घनश्याम यादव, जवाहर दिवाकर, आलोक शिवहरे, शिवशंकर यादव, बादल मौर्य, अशोक जायसवाल, कमलेश श्रीवास सहित नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत सार्वजनिक स्थानों पर चला स्वच्छता अभियान



**लगरा।** सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को भाजापा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम पंचायत लगरा में श्रीराम जानकी परिसर व ग्राम पंचायत खैरा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में सफाई की गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन कश्यप ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की चिंता कर उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की प्रत्येक योजनाओं से लाभवान्वित करने की कार्य योजना बनाती है। इस अवसर पर शैलू गोरख, हरप्रसाद धुरी, मंत्री रामगोपाल साहू, राजू सोनकर, अरूण कश्यप, श्रवण सूर्यवंषी, सुरेश राजपूत, शत्रुहन साहू, भूपेन्द्र जायसवाल, प्रकाश कैवर्त्य, गुलषन साहू, लाला कैवर्त्य, कलेश्वर यादव, जगेश्वर कैवर्त्य, सेवक पटेल, मुखीराम बिरजे, ओमप्रकाश श्रीवास, गोकूल साहू, संतोष विश्वकर्मा, अशोक साहू, ओमप्रकाश कैवर्त्य, गेन्दराम यादव, रामप्रसाद पटेल, हितेश कैवर्त्य, लक्ष्मी ध्रुव, दीपक यादव, अतुल यादव, अजय यादव, मुकेश जायसवाल, संतोश सतनामी, गोविंद पटेल, छबील धुरी, अजय गोड़, शिवप्रसाद यादव, विरेन्द्र गोड़, विमलेश तिवारी, मुरारी साहू, श्याम लाल कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने लिया समाजहित में कार्य का संकल्प



**मस्तूरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हनुमान मंदिर, ठाकुर देव माता चौरा मंदिर परिसर एवं शिवमंदिर परिसर में झाड़ू लगा कर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल मस्तूरी के कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं समाजहित कार्यों में सहभागिता निभाने दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, राजेश्वर भार्गव, संतोष मिश्रा, रमेश राज, हरगोविंद महेश्वरी, मुकेश तरके, अजय सिंह, ओमप्रकाश बंजारे, संजय गुप्ता, गजानद विश्वकर्मा, कांति कुमार साहू , सुभाष टंडन, बसंत शुक्ला, कामता राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत सार्वजानिक स्थलों की सफाई



**सरगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजपा मंडल के समस्त बूथों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंदिर, तालाब स्कूल जैसे सार्वजानिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस दौरान अटल परिसर में सफाई अभियान चलाया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव में स्वस्थ मातृत्व शिविर का आयोजन किया एवं स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानन्द साहू, रामकुमार कौशिक, पंकज वर्मा, अनिल दुबे, रणजीत सिंह, सविता कौशिक, जमुना पांडे, सुनीता साहू, कमलेश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, उदित साहू, निखिल कौशिक आदि उपस्थि रहे।

# सीसी रोड का भूमिपूजन



सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन करते अतिथि।

**बोदरी।** ग्राम पंचायत चुराघाट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक की अनुशंसा पर स्वीकृत 5 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि, मोदी जी का स्वर्णिम युग का समय चल रहा है। जब से भाजपा की सरकार आई है तब से विकास कार्यों में तेजी आई है। इस अवसर पर पूर्व सभापति जनपद पंचायत डॉ लक्ष्मण यादव, जनपद सदस्य संजय ध्रुव, कमल मरावी, नरेश जायसवाल, मेलुराम साहू, डॉ चिंता राम साहू, गुजारा यादव, प्रकाश बंजारे, अशोक कुमार, किशोर रात्रे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीजे नहीं, मांदर की थाप पर विसर्जित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं

- नवरात्रि , दशहरा पर्व को लेकर थाने में हुई बैठक

**सीपत।** नवरात्रि व दशहरा पर्व को लेकर बुधवार को सीपत थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने की। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच, दुर्गा समितियां और गणमान्य नागरिक बैठक में मौजूद रहे।



ग्रामीणों की बैठक लेते थाना प्रभारी।

तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने कहा कि किसी को तकलीफ पहुंचाकर डीजे बजाना आस्था नहीं है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन ही असली आनंद देती है। मांदर की थाप सुनकर हर कोई अपने आप थिरक उठता है। आवाज हमेशा कर्णप्रिय और मर्यादित होनी चाहिए। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि दुर्गा उत्सव के दौरान फिल्मी या भड़काऊ गाने नहीं बजेंगे, सिर्फ भक्तिमय गीत चलेंगे। रास्ता रोककर अवैध चंदा वसूली नहीं होगी, ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। विसर्जन शाम 6 बजे तक हर हाल में करना होगा, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि गांव की व्यवस्था हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। नवागांव में 15 साल से न तो गणेश और न ही दुर्गा विसर्जन में डीजे बजता है। यहां कीर्तन-भजन के साथ ही विसर्जन होता है। इस परंपरा को आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव ने कहा कि अपने गांव के व्यक्ति को खुद समझाना होगा कि त्योहार हर्षोल्लास और शांति से मनाएं। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, सीपत सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, खाडा सरपंच कामता प्रसाद, धनियां सरपंच दुष्यंत यादव , कांग्रेस नेता प्रमोद जायसवाल, भागीरथी पोरते, मड़ई सरपंच फिरतराम अन्नत, बसहा सरपंच बुद्धेश्वर कश्यप, सोंठी सरपंच नीमा वस्त्रकार, उड़ागी सरपंच खगेश्वरी भारती, कर्मा सरपंच नंदकुमार साहू, नवागांव सरपंच भागवत मरकाम, मचखण्डा सरपंच प्रतिनिधि कमल सिंह मरावी, एमनलाल साहू व पुलिसकर्मियों में एएसआई धर्मेंद्र यादव, कमलफूल साहू, प्रधान आरक्षक कौशल वस्त्रकार, परमेश्वर ठाकुर, प्रफ्फुल सिंह, आरक्षक अजय भारद्वाज, दीपक कुमार साहू, नीतीश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व पत्रकार मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 मवेशियों की मौत

**तखतपुर।** अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मवेशियों को टक्कर मार दी, जिसमें पांच मवेशियों की मौत हो गई एवं एक घायल है। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है। मटसगरा ग्राम पंचायत के सचिव चंद्रप्रकाश कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 सितम्बर को नंगचुई के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पांच मवेशियों की मृत्यु हो गई थी एवं एक घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ खिलाफ धारा 281, 325, 251 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# जैन समाज के शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

- प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र दिया गया

**गौरेला।** दिगम्बर जैन समाज के अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की ओर से मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय अहिंसा भवन में सुबह 11 बजे से किया गया।



रक्तदाताओं का सम्मान करते समाज के लोग।

शिविर में सर्वप्रथम जैन समाज के सचिव जितेंद्र जैन ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, मुख्य नपा अधिकारी नारायण साहू एवं नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस विशाल रक्तदान शिविर में 46 यूनिट रक्त, 9 नेत्र एवं 2 देह दान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संदीप सिंघई ने बताया कि, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक संगठन पिछले कई दशकों से यह आयोजन कर रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। शिविर में प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र दिया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज अध्यक्ष अशोक जैन, शिविर संयोजक संदीप सिंघई, सचिन जैन, जितेंद्र जैन, वेदचंद जैन, जयदीप जैन, सुबोध जैन, उत्तम चंद जैन, सुमेर चंद जैन, सुधीर जैन, सोनल जैन, मयंक जैन, सलभ जैन, हर्ष जैन, आकर्ष सिंघई, पुलकित जैन आदि का सहयोग रहा।


**सूचना**

विदित हो की मौजा-बहतराई पटवारी हलका नं.-48 रकबा 23 डिसमिल का सीमांकन आवेदक मांडवी शर्मा का सीमांकन 24/9/2025 को निश्चित हुआ है। कोई भी आपत्ती यदि हो तो उसके पूर्व दर्ज कारायें सभी पक्षधरो को सूत्रित करने के बाद ये प्रेषित किया जा रहा है।

मो. 9755389966

अनिमेष शर्मा
हाउस नं. 958/13
पाठक किराना गली,
विनोबा नगर, बिलासपुर

**आम सूचना का खण्डन**

मैं अपने आसामी रवि भारद्वाज पिता स्व. परसराम भारद्वाज, निवासी- ग्राम खरौद, तहसील पामगढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर संजय कुमार अग्रवाल पिता गोपालराम अग्रवाल निवासी क्रांति नगर बिलासपुर की ओर से श्री आलोक कुमार त्रिपाठी अधिवक्ता मिनी सामुदायिक भवन सिविल कोर्ट बिलासपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 05.09.2025 को प्रकाशित आमसूचना का खण्डन करते हुये सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 22 जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 243/21 रकबा 0.174 हे./0.43 एकड़ भूमि मेरे आसामी रवि भारद्वाज एवं उनके परिवार वाले के स्वत्व, स्वामित्व की पैतृक सम्पत्ति है, उक्त वर्णित भूमि के स्वामी रूकमीन बाई, उर्मिला बाई, शांति बाई, निर्मला बाई, शकुंतला बाई, राजकुमारी, गुड्डी, दुर्गा शंकर सभी पिता स्व. शिवनारायण कश्यप नही है और न ही उन्हे अथवा किसी अन्य को उक्त भूमि विक्रय करने का अधिकार है, अतः श्री संजय कुमार अग्रवाल उक्त भूमि का संव्यवहार रूकमीन बाई वगैरह से न करें, अन्यथा श्री संजय कुमार अग्रवाल को कोई भी स्वत्व की प्राप्ति नही होगी और संव्यवहार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मेरा आसामी समस्त विधिक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे।
दिनांक: 18.09.2025
भवदीय
KAMLESH PRASAD-Advocate
Mangla, Bilaspur (C.G.)
R.No. 892/2005/ADV
Mo. 9300333064, 8319086893

कार्यालय छत्तीसगढ़
गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र बिलासपुर
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनान्तर्गत, मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी-89 आबंटी श्री दिनेश शुक्ला पिता मनीराम शुक्ला को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.04.2012 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 12.02.2013 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती प्रिया शेखर पति श्री देवांशु शेखर, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 284/अ-20(1)/202 -20
पक्षकार :- संजय कुमार वर्तक पिता नारायण वर्तक .... आवेदक
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन.... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार वर्तक पिता नारायण वर्तक निवासी तिलक नगर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नंबर 09 प्लाट नंबर 78/2 रकबा 2161 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नारायण वर्तक नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2024 के लिये आवेदक/ आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 29.09.2025 को स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250925050003अ-2/ 2024-25
ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. अंकुल भारती पिता रामेश्वर भारती निवासी मोहभट्ठा तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 458/3 रकबा 0.0944 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/09/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250925050003अ-2/ 2024-25
ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि अंकुल भारती पिता रामेश्वर भारती निवासी मोहभट्ठा तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 459/3 रकबा 0.0808 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/09/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)
**धारा-30 (ख) के अधीन भूखण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अभिषेक सोनथलिया पिता स्व. श्री रामबाबू सोनथलिया, अखिलेश सोनथलिया पिता स्व. श्री रामबाबू सोनथलिया एवं शिवम सोनथलिया पिता श्री राजेश सोनथलिया द्वारा ग्राम-तिफरा के खसरा क्रमांक 89/37, 103/5 कुल रकबा 0.0530 हेक्ट. हेतु पत्र क्रमांक 8598, दिनांक 25.05.2018 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक F-23, F-24 क्षेत्रफल 528.82 वर्गमीटर के स्वामी है और उनके द्वारा उपरोक्त भूखंडों के विलय हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा संविलियन किये जा रहे भूखंडों का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट परिसर, बिलासपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।
प्र. संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण शैलेन्द्र गुप्ता पिता महावीर प्रसाद एवं रोशन गुप्ता पिता शैलेन्द्र गुप्ता दोनों निवासी तेलीपारा बिलासपुर छ.ग. वालों के द्वारा विक्रेता गीता सोमावार पिता स्व. शंकर राव, निवासी सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वालो से मौजा बिरकोना महल नंबर 02, प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. कोनी, वि.ख. बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 977/4 रकबा 0.1050 हे. की भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम धनराशि का भुगतान किया जा चुका है तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होनी तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मेरे नीचे दिये गये नाम एवं पते पर मय दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर अवगत करावें, अन्यथा की स्थिति में समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार के नाम से रजिस्ट्री करा लिया जावेगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 18.09.2025
बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
विष्णु कुमार सोनी, अधिवक्ता
कार्यालय पता-तहसील अधिवक्ता परिसर
नेहरू चौक बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाइल नंबर- 7987346500
पंजीयन क्र.- 301/2007
छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार योगेश बोले पिता स्व. कंशीलाल बोले निवासी दयालबंद बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से आधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशन करता हूँ कि भूमिस्वामीगण सुनील खण्डेलवाल पिता दशरशलाल खण्डेलवाल नि. लिंकरोड, बिलासपुर छ.ग. एवं रोशन मंगवानी पिता मुरली मंगवाली नि: आदर्श कॉलोनी बिलासपुर के संयुक्त नाम पर मौजा ग्राम मदवानी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. सिलदहा तह. पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 196/2, 197/1, 197/2, 200, रकबा क्रमशः 0.032, 0.296, 0.129, 0.158 हे. भूमि का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान की गई है, जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना है। इस सौदे से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे 07 दिवस के बाद की आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।
सो सूचना जाने
दिनांक-18.09.2025
भवदीय
ललित विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
दयालबंद बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827171022, 9300728023

न्यायालय - प्रथम जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)
**नोटिस/ समंस**

श्रीमती पूजा सोनी वगैरह.... आवेदिकागण
बनाम
आम जनता वगैरह.... अनावेदकगण
प्रक. क्र.-693/25
प्रो.क्र.-710
आदेश दिनांक- 10/09/2025
पेशी ता.- 26/09/2025
प्रति, आम जनता (जिससे संबंधित हो)

इस न्यायालय में आवेदिकागण के द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 29 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के तहत भूमि बिक्री की अनुमति बाबत प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 26/09/2025 को नियत है। अतः आम जनता एवं अन्य संबंधित को इस ईश्तहार / नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 26/09/2025 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदिकागण द्वारा प्रस्तुत आवेदन का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 16/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।
सील:
(शैलेष कुमार केतारप)
प्रथम जिला न्यायाधीश
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/वा./अति.तह./2025
बिलासपुर, दिनांक / / 2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, पं.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लता अग्रवाल, उम्र 55 वर्ष पति श्री मधुसूदन अग्रवाल निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर, (छ.ग.) के द्वारा प.ह.नं. 35 मौजा मंगला स्थित भूमि ख.नं. 1685 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 29/09/2025 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202504250500022 अ-6/2024-25 ग्राम मदवानी प.ह.न. 31
**// नोटिस //**

प्रति, रममुला बाई पति सियाराम निवासी ग्राम मदवानी तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी बसंत कुमार तिवारी पिता स्व. नकछेद प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम मदवानी तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा न्यायालय तहसीलदार पथरिया के रा.प्र.क्र. 20250125 0900009/अ-6/2024-25 पक्षकार बसंत कुमार तिवारी विरुद्ध रामावतार यादव वगैरह में पारित आदेश दिनांक 15/01/2025 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 22/09/2025 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## दुकान में अहाता संचालन के लिए आवेदन आज से

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 के लिए देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता दगौरी एवं जोंधरा से संलग्न मदिरा अहाता के लिए पुनः ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। आवेदन 19 सितम्बर को सुबह 10.30 से प्रारंभ होगी, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी सातों दिन अनवरत जारी रहेगी। आवेदन excise.cg.nic.in पर कर सकते हैं। लाइसेंस का आबंटन छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं इसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2018 (संशोधित) के अंतर्गत किया जाएगा। अनुज्ञप्तियों की वैधता वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 तक होगी।

## गाड़ी जब्त होने पर शराबी ने मचाया हंगामा



**बिलासपुर।** शराब पीकर बाइक चलाते पकड़े जाने पर शराबी ने जमकर हंगामा मचाया है। काफी मशक्कत के बाद ट्रैफिक पुलिस ने उसे समझाइश देकर लौटाया है। गुरूवार की सुबह पुराना बस स्टैण्ड में ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर बाइक चलाते हुए जांजगीर पामगढ़ लोहर्सी निवासी शतवंदन पिता रामकुमार साहू 27 साला को रोककर जांच की तो वह शराब के नशे में मिला। पुलिस ने उसकी बाइक जब्त कर ट्रैफिक थाने में खड़ा करा दिया। शाम उक्त युवक शराब पीकर फिर से पुराना बस स्टैण्ड पहुंचा और कार्रवाई का विरोध करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से बहस कर हंगामा मचाने लगा। काफी मशक्कत के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी उसे समझाइश देकर लौटाया है।

### झोलों को लाइन में लगाकर खुद दूर पेड़ की छांव में खड़े हो रहे कार्डधारी

# केवल चार घंटे खुल रही राशन दुकान धूप में लंबी लाइन से हितग्राही हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय या सुबह-शाम खोलने के नियम तय होने के बाद भी घुरू में संचालित पीडीएस राशन दुकान केवल चार घंटे खोली जा रही है। निर्धारित से कम समय ही खुल पाने के कारण राशन के लिए दुकान में हितग्राहियों की भारी भीड़ जमा हो रही है। हालत यह है चिलचिलाती धूप में लाइन लगाकर घंटों खड़े होने से बचने के लिए हितग्राही अपने झोलों को लाइन में लगाकर दूर सड़क व पेड़ की छांव में बैठने को मजबूर हैं।

घुरू व अमेरी की राशन दुकानों के बाहर गुरूवार को झोलों की लंबी लाइन दिखाई दी, लेकिन झोला रखने वाले गायब थे। आसपास नजर घुमाने पर हितग्राहियों का समूह वहां-वहां दिखाई दिया, जहां-जहां कुछ छांव थी। पास जाकर पूछने पर राशन कार्डधारियों ने बताया कि बहुत तेज धूप होने के कारण उन्होंने अपने झोलों को लाइन में लगा दिया है और खुद छांव तलाशकर इधर-उधर समूह में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। महिलाओं से रोज इतनी ही भीड़ होने की बात पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां रोज ही इतनी भीड़ लगी रहती है। दुकान सुबह दस बजे खुलती है, और दो बजते ही बंद कर दी जाती है। महिलाओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि कई बार ऐसा भी हुआ है कि वे दुकान तक पहुंची हैं, लेकिन दो बजे का समय हो जाने के कारण राशन दुकान संचालक द्वारा राशन नहीं दिया गया, बल्कि समय हो जाने व किसी और दिन आने की बात कहकर चलता कर दिया जाता है और तुरंत दुकान बंद कर दी जाती है।



राशन के लिए लगी थैलों की लाइन।



शक्कर जमकर बना डल्ला।

### अमेरी की दुकान में भीगकर पत्थर हुए शक्कर का वितरण

अमेरी स्थित अरूंधति राय महिला स्व सहायता समूह नामक राशन दुकान में पानी में भीगकर ढेले की शक्ल ले चुके शक्कर का वितरण किया जा रहा था। शक्कर में बड़ी संख्या में काली चींटी रेंग रही थीं। शक्कर के गीले होने के बारे में पूछने पर दुकान में मौजूद व्यक्ति ने दुकान के भीतर दीवार में चारों ओर सीलन आने के कारण शक्कर के गीला हो जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि न केवल शक्कर,बल्कि अन्य सभी खाद्य सामग्रियां भी बारिश के दिनों में सीलन के कारण गीली हो जाती हैं।

### कार्रवाई की जाएगी

शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के लिए जो समयसीमा निर्धारित की गई है, वही समय राशन दुकानों के संचालन के लिए भी तय है। किसी संचालक द्वारा महीने के अंतिम समय में 90 प्रतिशत कार्डधारियों को राशन का वितरण किया जा चुका हो, तो समयसीमा में कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके विपरीत महीने के बीच में व 90 प्रतिशत से कम कार्डधारियों को राशन वितरण की स्थिति में भी राशन दुकान अगर केवल चार घंटे ही खोली जा रही है तो यह बिल्कुल गलत है। कार्रवाई की जाएगी।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

**बालकनी में मोबाइल से कर रहा था बात**

# छात्र 11 केवी तार की चपेट में आया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात हास्टल की बालकनी में मोबाइल से बात कर रहा छात्र 11 केवी बिजली तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। वहीं उसे बचाने गई छात्रा झुलस गई है। उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।



मृतक।

- बचाने गई छात्रा झुलसी

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, जशपुर तपकरा सिंगीबहार निवासी फारेस्टकर्मी अशोक कुमार का बेटा गुंजन कुमार 22 साल उसलापुर राजघराना कालोनी आनंदनगर में हास्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके रूम में दो अन्य छात्र भी रह रहे थे। बुधवार की रात गंजन कुमार हास्टल की बालकनी में घूमकर मोबाइल से बात कर रहा था। बालकनी के पास से 11 केवी बिजली तार गुजरा है। मोबाइल में बात करने के दौरान वह 11 केवी तार की चपेट में आ गया। उसकी आवाज सुनकर हास्टल में रहने वाली छात्रा जशपुर निवासी राधिका विश्वकर्मा ने आकर उसे छुड़ाने की कोशिश की तो वह भी करंट के चपेट में आ गई। इसी दौरान झटका लगने से गुंजन कुमार हास्टल के नीचे गिर गया और राधिका बालकनी में फेंका गई। आनन फानन में हास्टल में रहने वाले छात्र व आसपास के लोग दोनों को इलाज के लिए सकरी एक निजी हास्पिटल में लेकर गए। जहां गुंजन कुमार की स्थिति को देखते रिफर कर दिया गया। दोस्त उसे इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर गए जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं छात्रा का निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है। सूचना पर सकरी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# मस्तूरी रोड पर कार सवार युवकों ने किया स्टंट, 18 कार जब्त

**बिलासपुर।** मस्तूरी रोड पर कार सवार युवकों ने जमकर हंगामा मचाया। एक साथ डेढ़ दर्जन कार में सवार युवकों ने खिड़की और सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंटबाजी की। पुलिस ने वीडियो मिलने के बाद 18 कार जब्त कर लिया। युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

मस्तूरी थाना प्रभारी हरीशचंद्र टांडेकर ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर कुछ लोग पार्टी के लिए लावर स्थित एक फार्म हाउस पर एकत्रित हुए थे। यहां पहुंचने से पहले युवकों ने सड़क पर जमकर उधम मचाया। इस दौरान युवकों ने सड़क भी जाम कर दिया। परेशान हो रहे एक कार सवार ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर पुलिस को भेज दिया। वीडियो मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की। घटना में शामिल 18 कारों को जब्त कर लिया गया। वाहन मालिकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि सकरी क्षेत्र में नई कार खरीदने के बाद की गई स्टंटबाजी का वीडियो वायरल होने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर सभी वाहन जब्त कर कड़ी कार्रवाई की गई। इसके बाद पुलिस ने हाईवे जाम करने वालों और कार पर स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।



### की गई है कार्रवाई

सनरूफ और खिड़कियों से बाहर निकलकर युवक कार पर स्टंट कर रहे थे। इसका वीडियो मिला था। इसके आधार पर वाहनों की पहचान कर कार्रवाई की गई है। साथ ही वाहन मालिकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

**-लालचंद मोहले**
एसडीओपी मस्तूरी

## सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सकरी क्षेत्र के एक सूने मकान से चोरों ने सोने चांदी के जेवर व कीचन से मिक्सी चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू हंसिका सिटी निवासी निखिलेश तिवारी पिता रामकुमार तिवारी 14 सितंबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार को लेकर जगन्नाथपुरी घूमने चले गए थे। 16 सितंबर की रात 9 बजे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी बिस्तर पर गिरी हुई थी। आलमारी के लाकर में रखे सोने का मंगलसूत्र, गठुला, कान झुमका, पायल, बिछिया व किचन में रख मिक्सी चोरी हो गई थी। श्रीमती तिवारी ने बताया चोरों ने उनके मकान से डेढ़ लाख का सामान चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस उनके घर आकर मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री तिवारी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## इंस्टाग्राम में दोस्ती, छात्रा से अनाचार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में नर्सिंग छात्रा से दोस्ती कर छात्रा से अनाचार कर युवक ने वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती संबंध बनाता रहा। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जांजगीर क्षेत्र की रहने वाली छात्रा सरकण्डा क्षेत्र में रहती है। इसी दौरान उसका इंस्टाग्राम के माध्यम से जांजगीर नरियरा निवासी हिमांशु रात्रे से दोस्ती हो गई। छात्रा अपने घर गई तो हिमांशु ने उसे मिलने के लिए बुलाया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और वीडियो बनाकर रख लिया। 12 सितंबर को हिमांशु मिलने के लिए हास्टल आया और संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। छात्रा के मना करने पर युवक ने उसके साथ जमकर मारपीट की। वहीं दूसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की आटो चालक कुम्हारपारा चांटीडीह निवासी अरविंद यादव पिता बहोरिक यादव 37 साल से जान पहचान हो गई। युवक ने शादी करने का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## फर्जी डायवर्सन के आधार पर निगम से ले ली भवन अनुज्ञा, अब एफआईआर

**बिलासपुर।** कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत भवन अनुज्ञा प्राप्त करने वाले विजय कुमार साहू के खिलाफ नगर निगम ने सरकंडा थाने में बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कराया है।

आरोपी ने खमतराई स्थित जमीन के डायवर्सन के लिए एसडीएम के समक्ष आवेदन किया था। दस्तावेजों में कमी के कारण डायवर्सन नहीं किया गया। इसके बाद भी फर्जी डायवर्सन कागज तैयार करते हुए टाउन एण्ड कन्ट्री प्लॉनिंग से ले आउट और नगर निगम से भवन अनुज्ञा ले ली गई। निगम के मुताबिक डीएलएस कॉलेज के पास चांटीडीह निवासी विजय कुमार साहू ने यह पूरी गड़बड़ी की है। इसने नगर निगम बिलासपुर की वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रपोजल नम्बर 12007 6 अक्टूबर 2024 पर अपलोड किया। टाउन एण्ड कन्ट्री प्लॉनिंग के मापदण्ड एवं निर्धारित शर्तों के अधीन नगर निगम ने भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा 20 जून 2025 को दे भी दिया गया। बाद में पता चला कि यह भवन अनुज्ञा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ली गई है। इसके बाद निगम ने इसकी जांच बिलासपुर एसडीएम से कराई। निगम ने 29 अगस्त 2025 को पत्र भेजकर इस संबंध में एसडीएम से जानकारी मंगाई।

- सरकंडा थाने में मामला दर्ज

### खसरा नम्बर 559/2 घास मद में दर्ज

एसडीएम द्वारा 2 सितंबर को निगम को पूरी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि विजय कुमार साहू पिता लेखराम साहू द्वारा 10 मई 2022 को ग्राम खमतराई स्थित भूमि खसरा नम्बर 559/2 थ में से रकबा 3492.5 वर्गफीट की खरीदी की गई। वर्तमान अभिलेख खसरा पांचशाला में भी क्रेता का नाम भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। एसडीएम की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि खसरा नम्बर 559/2 रकबा 21.80 एकड़ मिशल बंदोबस्त में घास मद में दर्ज है इसलिए इसका डायवर्सन किया जाना संभव ही नहीं है।

### प्रकरण निरस्त

विजय साहू द्वारा 16 जुलाई 2024 को खसरा नम्बर 559/2/थ/1 रकबा 0.0320 हे. / 3492.5 वर्गफीट के डायवर्सन के लिए आवेदन किया गया था। आवेदक के अनुपस्थिति एवं लिंक दस्तावेज के अभाव में प्रकरण निरस्त कर दिया गया था। एसडीएम ने विजय कुमार साहू के द्वारा नगर निगम बिलासपुर में भवन अनुज्ञा हेतु प्रस्तुत किए गए आनलाइन आवेदन के साथ संलग्न व्यपवर्तन खसरा नम्बर 417/20 रकबा 0.0320 हे. भूमि का दस्तावेज फर्जी एवं कूटरचित है।










